मध्यप्रदेश विधान सभा

जुलाई-अगस्त, 2009 सत्र

दैनिक कार्य सूची

शुक्रवार, दिनांक 17 जुलाई, 2009 (आषाढ़ 26, 1931)

समय 10.30 बजे दिन

1. प्रश्नोत्तर

पृथकतः वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

2. नियम 138 (1) के अधीन ध्यान आकर्षण

(1) चौधरी राकेश सिंह चतुर्वेदी, सदस्य, भोपाल स्थित माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय के कम्प्यूटर लैब में आग लगने से क्षति होने की ओर जनसंपर्क मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) सर्वश्री उमाशंकर गुप्ता, आरिफ अकील, सदस्य, भोपाल नगर निगम द्वारा नियम विपरीत ढाबों को तोड़े जाने की ओर नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(3) श्री प्रेमनारायण ठाकुर, सदस्य, छिंदवाड़ा जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव होने से उत्पन्न स्थिति की ओर लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(4) सर्वश्री विश्वास सारंग, आरिफ अकील, सदस्य, भोपाल के वार्ड क्रमांक 27 में निर्माणाधीन व्यायाम शाला को गिराये जाने की ओर नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(5) श्री अभय कुमार मिश्रा, सदस्य, रीवा जिले के सिरमौर क्षेत्र में गरीबी रेखा की सूची बनाये जाने में अनियमितता होने की ओर पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(6) सर्वश्री तुलसीराम सिलावट, अश्विन जोशी, सत्यनारायण पटेल, सदस्य, इंदौर जिले में आपराधिक घटनाएं होने की ओर गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

3. शासकीय विधि विषयक कार्य

(1) श्रीमती अर्चना चिटनीस, उच्च शिक्षा मंत्री, महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2009 (क्रमांक 10 सन् 2009) के पुरःस्थापन की अनुमति का प्रस्ताव करेंगी तथा अनुमति प्राप्त होने पर विधेयक पुरःस्थापित करेंगी.

(2) श्रीमती अर्चना चिटनीस, उच्च शिक्षा मंत्री, मध्यप्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय संशोधन विधेयक, 2009 (क्रमांक 11 सन् 2009) के पुरःस्थापन की अनुमति का प्रस्ताव करेंगी तथा अनुमति प्राप्त होने पर विधेयक पुरःस्थापित करेंगी.

निर्धारित समय			
		4. वर्ष 2009-2010 की अनुदानों की मांगों पर मतदान ....(क्रमशः)	
2 घन्टे 30 मि.	(1)	मांग संख्या - 15	अनुसूचित जाति उपयोजना अन्तर्गत त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं को वित्तीय सहायता
		मांग संख्या - 30	ग्रामीण विकास
		मांग संख्या - 52	आदिवासी क्षेत्र उपयोजना के अन्तर्गत त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं को वित्तीय सहायता
		मांग संख्या - 59	ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित विदेशों से सहायता प्राप्त परियोजनाएं
		मांग संख्या - 62	पंचायत
		मांग संख्या - 80	त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं को वित्तीय सहायता.
2 घन्टे 30 मि.	(2)	मांग संख्या - 12	ऊर्जा
		मांग संख्या -19	लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण
		मांग संख्या -61	लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण से संबंधित विदेशों से सहायता प्राप्त परियोजनाएं
		मांग संख्या - 73	त्वरित विद्युत विकास से संबंधित व्यय
		मांग संख्या - 79	चिकित्सा शिक्षा
2 घन्टे 30 मि.	(3)	मांग संख्या - 3	पुलिस
		मांग संख्या - 4	गृह विभाग से संबंधित अन्य व्यय
		मांग संख्या - 5	जेल
		मांग संख्या - 36	परिवहन.

5. अशासकीय संकल्प

45 मि (1) चौधरी राकेश सिंह चतुर्वेदी, श्री आरिफ अकील, सदस्य, निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगे :-
"सदन का यह मत है कि शिक्षक से शिक्षा कार्य के अलावा कोई अतिरिक्त कार्य नहीं कराया जाय".

(2) सर्वश्री रमेश प्रसाद खटीक, ठाकुरदास नागवंशी, सदस्य, निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगे :-
35 मि. "यह सदन केन्द्र शासन से अनुरोध करता है कि चैन्नई से देहरादून, चंड़ीगढ़ एवं जयपुर तक चलने वाली ट्रेनों को चेन्नई के स्थान पर प्रसिद्ध तीर्थ स्थल "रामेश्वरम"तमिलनाडू से चलाई जाय ".

(3) श्री केदारनाथ शुक्ल, सदस्य, निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगे :-
35 मि. "यह सदन केन्द्र शासन से अनुरोध करता है कि विंध्य क्षेत्र के विकास के लिये स्वीकृत ललितपुर-सिंगरौली रेल्वे लाईन को प्राथमिकता के साथ शीघ्र पूरा किया जाय तथा शहडोल-इलाहाबाद व्हाया सीधी रेल्वे लाईन का सर्वेक्षण कार्य कराया जाय ".

(4) श्री हितेन्द्र सिंह सोलंकी, सदस्य, निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगे :-
35 मि. "यह सदन केन्द्र शासन से अनुरोध करता है कि खंडवा-इंदौर रेल लाईन खंड को मीटर गेज से ब्राडगेज में प्राथमिकता के आधार पर परिवर्तित कराया जाय".

डॉ. ए.के. पयासी
प्रमुख सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा.

भोपाल :
दिनांक : 16 जुलाई, 2009